हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



since 1993

## अब कोटा क्यों जाए
## कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

- 30 Years Legacy
- Expert Faculty
- Digital Support
- Small Batch Size
- One To One Mentoring
- Quality Study Material
- Regular Test Series
- Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers
with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

**ADMISSIONS OPEN** For Session 2024-25

# CAREER POINT
**BHILAI CENTRE**

**For Details Call:** 90399-57770, 90399-57771 | **Mail:** bhilai@cpuniverse.in

**Add:** 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota I 080-40246443 I www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### दुर्ग में हुआ सम्मेलन, अंचल के भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

**डौंडीलोहारा।** दुर्ग में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में डौडीलोहारा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व भाजपाई विशेष रूप से शामिल हुए। उनमें प्रमुख रूप से प्रेम भंसाली पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, नरेंद्र जैन वरिष्ठ भाजपा नेता,धर्मेंद्र निषाद युवा नेता, सुरेश देवांगन, जयलाल मालेकर, हरीश बर्मन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, लोमन साहू ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ता, धन्नूराम यादव वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा, लोकेश यादव, संतोष निषाद, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष प्यारेलाल निषाद प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा में स्पर्धा के लिए सेमंत का चयन

**गुरूर।** दिल्ली में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा में कुराश प्रतियोगिता के लिए कक्षा 11 वीं के छात्र सेमन्त कुमार का चयन हुआ।



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर की कक्षा 11वी के छात्र सेमन्त कुमार का दिल्ली में 11 जनवरी से 16 जनवरी को आयोजित 67 वी शालेय क्रीड़ा में कुराश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चयन हुआ। दिल्ली जाने से पूर्व 06 से 08 जनवरी तक दुर्ग में लगे कैम्प से प्रशिक्षण लेकर दिल्ली के लिए रवानगी होगी। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य बीपी यादव, आरती एवं पीटीआई नीलम साहू सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

### संजारी में 8 को होगा मड़ई-मेला

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संजारी में 8 जनवरी सोमवार को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है, इस अवसर पर रात्रि में ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी तेंदुआ कुरूद रायपुर का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के मोहन निर्मलकर ने बताया कि दूसरे दिन 9 जनवरी मंगलवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 6000, द्वितीय पुरस्कार 4001, तृतीय पुरस्कार 3001 व चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए रखा गया है।

## बिजनेस साइट

### उज्जवला योजना में मिले गैस चूल्हे में आई खराबी का निःशुल्क सुधार

**लाटाबोड़।** नगर के मरारपारा स्थित जय राज माता गैस चूल्हा सेल्स एवं सर्विस द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को दिए गए गैस चूल्हा में किसी तरह की खराबी जाने पर निःशुल्क सुधार किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए दुकान के संचालक यशवंत साहू ने बताया कि उक्त योजना का लाभ गरीबों को मिला है। इसलिए वे भी जिले की गरीब जनता से गैस चूल्हे की रिपेयरिंग का चार्ज नहीं ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि केवल सुधारने का चार्ज नहीं लिया जा रहा है, लेकिन यदि कोई पार्ट सा सामान खराब होगा, तो उसे बदलने का चार्ज लिया जाएगा। श्री साहू ने बताया कि यह योजना एक जनवरी से प्रारंभ हो गई है।

## निधन

### भागवत राम साहू

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम कचांदूर निवासी भागवत राम साहू 82 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक यशवंत साहू के पिता थे।



### प्रदीप सोनवानी

**लाटाबोड़।** जिला अधिवक्ता संघ बालोद के सदस्य प्रदीप सोनवानी का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मुड़पार (बासिन) जिला बालोद में जिला अधिवक्ता संघ बालोद के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। वे वेदप्रकाश व रुचि के पिता थे।

---

**प्रवचन :** ग्राम मोहंदीपाट बाबा में श्रीमद् भागवत कथा जारी, ध्रुव, भरत और प्रह्लाद चरित्र का किया वर्णन

# माता-पिता ही धरती के भगवान हैं, उनकी पूजा से सिद्ध होते हैं सभी कार्य : संत निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

ग्राम मोहंदीपाट बाबा में नौ दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यहां कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक संत निरंजन महाराज ने कहा कि जिस दिन घर-घर में माता पिता की पूजा सेवा प्रारम्भ हो जाए, उस दिन सारे संसार में राम राज्य स्थापित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल एक दिन मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने से कुछ नहीं होगा, प्रतिदिन माता पिता के पूजन से घर ही मंदिर हो जाएगा और बाहर जाकर भगवान ढूंढने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिसने हमें 9 माह गर्भ में रख कर अमृत दुग्ध का पान कराया, जिसने हमें सहारा देकर इस संसार में चलना सिखाया, आज वहीं माता-पिता बेसहारा होकर वृद्धाश्रम में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की धरा पर जगह-जगह वृद्धाश्रम संचालित किया जा रहा है। संत निरंजन महाराज ने कहा कि माता-पिता के चरणों में चारों धाम का वास है। माता पिता का चरणामृत गंगाजल के समान पुण्य प्रदायी है। इसलिए माता-पिता का सदैव सम्मान करें, तिरस्कार न करें। मोहदींपाट



**आज गजेन्द्र मोक्ष व वामन अवतार की कथा होगी**

संत श्री निरंजन महाराज आज रविवार को गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बाली प्रसंग पर व्याख्यान देंगे। सोमवार श्री कृष्ण जन्म जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, मंगलवार को वृन्दावन लीला मथुरागमन कंसवध तथा श्री रुखमणी मंगल कथा सुनाई जाएगी। बुधवार को श्री सुदामा चरित्र द्वारिका तीला भाव, यदुवंश छ्य परीक्षित मोक्ष पश्चात भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण, (चढौत्री कार्यक्रम) के बाद गुरुवार श्री गीतासार प्रवचन हवनपूर्णाहुति कपिलातर्पण, सहस्रधारा स्वान होगा। यह जानकारी लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन, जयंत्री देवी देवांगन, गीता देवी देवांगन, सुरेश-पुष्पा देवांगन, शशीकांत-वंदना देवांगन, नरेश-दिव्या देवांगन सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

बाबा धाम के देवांगन परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, प्रह्लाद चरित्र पर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए प्रवचनकर्ता सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज जी श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा कि बचपन से बच्चों को संस्कार से युक्त करो। आज के परिवेश में संस्कार विलुप्तता के कगार पर पहुंच गई है। बच्चों को संस्कारवान बनाए पाश्चात्य सभ्यता सुरसा बनकर बच्चों के अंदर से संस्कार को ग्रास बना रही है। भारत की धरा पर संस्कार से युक्त धरा है, लेकिन आज तो सोलह संस्कारों में से कुछ ही संस्कार शेष है, बाकी सभी संस्कार को लोग छोड़ते जा रहे है और संस्कार का त्याग कर अपने आप की विकासशील मानें, तो याद रखें कि ये विकास नहीं, बल्कि मानव जीवन का विनाश है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को संस्कारवान बनाएं। स्वयं सुसंस्कृत होकर ही दूसरे के अंदर संस्कार प्रदान कर सकते हैं, पहले हमें स्वयं को संस्कारित होना आवश्यक है।

भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान नरसिंह रूप में अवतार लिया। भगवान की भक्ति के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं। जब भी समय मिले, भगवान की भक्ति में भजन में तल्लीन रहें। लोगों का स्वभाव होता है कि वृद्धावस्था में जाकर भजन भक्ति करेंगे लेकिन हमें यह भी ज्ञात है कि एक पल का भी ठिकाना नहीं और हम कल पर कार्य को छोड़ते हैं। यह मानव का जीवन ही अवसर मिला है इसका सदुपयोग करें।

## भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

■ ग्राम ठेकवाडीह में श्रीमद भागवत कथा जारी

ग्राम ठेकवाडीह में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा में भगवान श्री कृष्ण–रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण–रुखमणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर विवाह के मंगल गीत गाकर आरती उतारी। कथा वाचक पंडित बाल्ला प्रसाद शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण की कई लीलाओं के बारे में वर्णन करते हुए कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रुखमणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुखमणी का बड़ा भाई रुखमी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुखमणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए, शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुखमणी से विवाह किया।



**हरि नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है**

कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं। परंतु मानस पाप नहीं होते। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है। कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है। सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है। इसके लिए कठिन तपस्या और यज्ञ आदि करने की आवश्यकता नहीं है। जबकि सतयुग, द्वापर और त्रेता युग में ऐसा नहीं था।

## घर व ऑफिस की तरह मन के कचरे को भी करें रोज साफ : ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिवदर्शन भवन गुण्डरदेही के संयोजन में पांच दिवसीय मेडिटेशन अनुभूति शिविर खुशहाल जीवन जीने की कला का आयोजन किया गया। जिसके शुभारंभ सत्र में खुशियों के खजानों की चाबी विषय पर ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दुर्ग शिविर में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि हमें जीवन कैसे जीना है, हर पल खुशी के साथ या फिर खुशी के लिए। हम सोचते हैं कि हमारी यह परिस्थिति बदल जाए या यह लक्ष्य प्राप्त हो जाए, यह वस्तु की प्राप्ति हो जाए, तो मुझे खुशी होगी जो कि संभव नहीं है। इसके बजाय यदि हम हर पल खुशी के साथ जीवन जीएंगे तो उन चीजों की प्राप्ति जरूर हो सकती है। हम अपनी खुशी को किसी वस्तु किसी परिस्थिति या किसी व्यक्ति पर आधारित रखते हैं, इसलिए हम अपने जीवन का सच्चा आनंद नहीं उठा पाते है। अपने मन का रिमोट कंट्रोल दूसरे व्यक्ति को दे देते हैं और हम सोचते हैं कि हम खुश रहें यह हो नहीं सकता। हमें अपने मन का रिमोट कंट्रोल स्वयं के पास रखना होगा तभी हम खुशी के साथ जीवन को जी सकेंगे। उन्होंने कहा हर किसी के अंदर कोई ना कोई विशेषता है, हमें उनके विशेषताओं को उपयोग करने आना चाहिए। हर व्यक्ति का संस्कार अलग–अलग है, वह हमारे अनुसार अपना जीवन नहीं जी सकता, इसके लिए जरूरी है कि हम अपने संस्कारों में परिवर्तन करें। हम जहां रहते हैं, चाहे घर हो या ऑफिस उसकी सफाई का ध्यान रखते हैं, लेकिन हम अपने मन की सफाई का ध्यान नहीं रखते हैं और मन में अनेक प्रकार की व्यर्थ और नकारात्मक विचारों का कचरा बढ़ाते जाते है। जो हमारे अंदर अनेक प्रकार के प्रश्न उत्पन्न करता है। जिन परिस्थिति को हम परिवर्तन कर सकते हैं, तो उसे परिवर्तन करने का पूरा प्रयास करें, लेकिन जिन परिस्थिति को हम परिवर्तन नहीं कर सकते, उसे हमें स्वीकार करना होगा, तभी हम समस्या का समाधान कर सकते है। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी चौतन्य प्रभा, ब्रह्माकुमारीज गुण्डरदेही की संचालिका ब्रह्माकुमारी भारती बहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन, दिनेश साहू एवं शमशाद बेगम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में नवनीत चंद्राकर द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार दाऊ भाई द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एवं संध्या 6 से 7:30 बजे तक होगा।



## घोघोपुरी पहुंचीं बालोद विधायक संगीता, गायत्री यज्ञ में हुईं शामिल

**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ग्राम घोघोपुरी में पहुंचकर गायत्री यज्ञ में शामिल हुईं और क्षेत्र की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। संगीता सिन्हा के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, लाल खान, गोपाल खत्री व कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



## शिव महापुराण कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक संगीता

**गुरूर।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ग्राम धोबनपुरी में पहुंचकर शिव महापुराण में शामिल हुई और क्षेत्र की जनता के सुख समृद्धि की कामना की। संगीता सिन्हा के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, गोपाल खत्री, पारख साहू, नारद यादव, ममता साहू, मनहरण नरेश व कांग्रेस कार्यकर्ता भी साथ में रहे।

### कोलिहापुरी में धूमधाम से निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

**अंडा।** श्रीराम मंदिर अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का शोभायात्रा ग्राम कोलिहापुरी में शुक्रवार को बड़े धूमधाम से निकाला गया। यात्रा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोलिहापुरी से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न गलियों से होते हुए मां दुर्गा मंदिर प्रांगण पर स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के सभी गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जन अत्यधिक संख्या में उपस्थित थे।



सभी ने हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग किया। शोभायात्रा के बाद श्री राम प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। इसमेंसुनील मिश्रा, धनु विश्वकर्मा,गोपी राम साहू, रेखा राम साहू, गजानंद यादव, बुधरू साहू, उमेद साहू, राम निषाद, केशव निषाद, लक्षण साहू, संतराम साहू, नंदू राम साहू, मनीष यादव, आसाराम साहू एवं समस्त ग्रामीणजनों का सहयोग रहा। उक्त जानकारी ग्राम सरपंच ज्वाला प्रसाद देशमुख ने दिया।

## पेज 13 के शेष...

### बोड़रा पहुंचा अक्षत...

साहू, अमनदीप, धने"वर, वालमिकी, रघुवीर, सत्यवान, बलराम, नरेन्द्र, शाहिल, रमन, गोविंद, कामता यादव, संदीप, संजू, मुकेश, रवीकांत, बालकृष्ण, करण साहू, करण निशाद, लोमेश सिन्हा, ज्ञानिक, भादूराम, केवल राम साहू, हरिराम साहू, विरेन्द्र सिन्हा, रमेश निर्मलकर, रामेश्वर साहू, परमे"वर, मातृ शक्ति निकिता सिन्हा, इन्द्रवीर साहू, डिम्पल साहू, पद्मणी साहू, रूपा साहू, टूमेश्वरी साहू, चन्द्रकला साहू उपस्थित थी।

### श्रीराम के प्रति...

रखती हैं, यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है।

**लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण-** विधायक निषाद ने ग्राम परसदा मे सर्व सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख, मेन रोड नाला की पक्की नाली निर्माण 5 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य 6 लाख का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार शेड निर्माण 6 लाख, महिला स्वसहायता समूह शेड निर्माण 6.50 लाख, शासकीय प्राथमिक शाला जीणोद्धार कार्य 6.85 लाख, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जीणोद्धार कार्य 6.82 लाख, विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य 13.50 लाख व पेवर ब्लाक रोड़ निर्माण कार्य 4 लाख का लोकार्पण किया।

### तेज रफ्तार ट्रक...

है। सड़क दुर्घटनाओं में गाय की मौत और घायल होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।व्यस्तम मार्गों में बैठे रहने वाले घुमंतू गायों को उनके मालिक को सौंपने या फिर गौशाला व कांजी हाउस में रखने की जरूरत है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व गौरक्षक सहित जिला प्रशासन को इस गम्भीर समस्या को संज्ञान में लेकर पहल करने की आवश्यकता है। ताकि गायों को सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बचाया जा सके।

शहर की सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे भारी वाहन- शनिवार को जय स्तंभ चौक में गाय को अपने चपेट में लेने वाले ट्रक की रफ्तार तेज थी। इससे पहले भी शहर में एक और गाय की मौत बड़े वाहन की ठोकर से हुई थी जिसकी रफ्तार भी काफी तेज थी। शहर में बड़े वाहनों की रफ्तार कम नही होती। शहर के अंदर ये मौत बनकर दौड़ रहे हैं, इस पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। इस मामले में यातायात पुलिस राकेश ठाकुर ने कहा कि तेज रफ्तार वाहनों में कार्यवाही जरूर होगी।

### आत्मानंद उत्कृष्ट...

प्रयास के कारण ही छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा क्षेत्र वर्तमान में राष्ट्र स्तर पर 28 नंबर पर आ चुका है। साथ ही कर्मचारी पूर्ण रूप से शासन द्वारा निर्धारित अध्यापन करने का शैक्षणिक योग्यता को पूर्ण करते हैं। संघ ने कहा है कि पूर्व में भी राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के तहत नियुक्त 2000, 2001, 2002 में कार्यरत शिक्षा गुरूजी, पर्यवेक्षक, ईजीएस, वैकल्पिक शिक्षक, जनगणना, शिक्षक ऑपरेशन, ब्लैक बोर्ड आदि शिक्षकों को 2003 में परिवर्तन कर संविदा शिक्षक बनाया गया। फिर 2005 में इन शासकीय विद्यालयों के संविदा शिक्षकों एवं अशासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालयों के संविदा शिक्षकों को परिवर्तन कर पंचायत विभाग में शिक्षाकर्मी को 2018 में संविलियन किया गया। संघ ने कहा कि स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बालोद**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**प्रारूप (क)**

प्रकरण क्रमांक 202308242500013 / अ-27 / वर्ष 2022-23

आवेदकगण श्री संजय कुमार आ. स्व. गणेश एवं अन्य 03 सभी जाति गाड़ा निवासी ग्राम जगतरा तहसील व जिला बालोद द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि ग्राम जगतरा प.ह.नं. 22 तहसील बालोद के भूमिस्वामी ने निम्नांकित खाते के अपने भाग के विभाजन किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 08.01.2024 स्थान बालोद पर नियत किया गया है। आपको एतद् द्वारा सूचना दी जाती है, कि आप या तो स्वयं अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा नियत दिनांक पर हाजिर हो, एवं अपनी आपत्तियाँ, यदि कोई हों, पेश करे।

इस प्रकार उपस्थित न हो पाने एवं अपनी आपत्तियाँ पेश न कर पाने की दशा में यह मान लिया जाएगा, कि आपको उक्त विभाजन के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है।

**खाते का विवरण**

सर्वेक्षण संख्यां/भू-खंडांक - 225, 276, 317, 298, रकबा- 0.62, 0.61, 0.19, 0.45, भू-राजस्व- 2.16

दिनांक 05.01.2024

नायब तहसीलदार
बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024

12 भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह पर झूमे श्रद्धालु

14 सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ




## खबर संक्षेप



### सांसद प्रतिनिधि ने की कलेक्टर से भेंट

**गुण्डरदेही।** पूर्व भाजपा जिला महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन ने शुक्रवार को बालोद जिले के नए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मिलकर बधाई व शुभकामनाएं दी, साथ ही सांसद मोहन मंडावी ने भी फोन से नए कलेक्टर से चर्चा की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन ने 18 जनवरी को गुण्डरदेही में होने वाले रामायण ग्रंथ वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आगमन से भी नए कलेक्टर को अवगत कराया।

### नवोदय विद्यालय का परीक्षा केन्द्र बदला

**बालोद।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु दिनांक 20 जनवरी को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए डौण्डी विकासखण्ड के एक परीक्षा केन्द्र को परिवर्तन किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय बालोद की प्राचार्य ने बताया कि डौण्डी के परीक्षा केन्द्र क्रमांक 04, बीएसपी उच्चतर माध्यमिक शाला नंबर 02, दल्लीराजहरा को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन कर इसके स्थान पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दल्लीराजहरा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने छात्र–छात्राओं से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु नए परीक्षा केंद्र में सम्मिलित होने को कहा है।

### तहसील पेंशनर समाज गुरूर की बैठक 9 को

**गुरूर।** तहसील पेंशनर समाज गुरूर द्वारा इस वर्ष की प्रथम बैठक पेंशनर भवन गुरूर में 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। तहसील पेंशनर समाज गुरूर अध्यक्ष नेमसिंह साहू ने बताया कि बैठक के प्रमुख विषयों में जिलास्तरीय पेंशनर सम्मेलन के आय व्यय की जानकारी, वर्ष 2024 के सदस्यता अभियान का शुभारंभ, वर्तमान पेंशनर पदाधिकारियों का तीन वर्षीय कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, अतः नये पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही वार्षिक लेखा (आय–व्यय) 2023 की जानकारी, वर्ष 2024 के लिए बैठक कलैण्डर का निर्माण के साथ ही अन्य विषय जो विचार के लिए लाए जाएंगे, उन पर चर्चा की जाएगी।

### ठेठवार यादव समाज की बैठक आज

**बालोद।** ठेठवार यादव समाज बालोद राज की कार्यकारिणी की बैठक आज दोपहर 12 बजे ठेठवार यादव भवन गंजपारा बालोद में रखी गई है। इस बैठक में कोषाध्यक्ष चेतन यादव द्वारा आय-व्यय की जानकारी एवं अन्य सामाजिक समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष नरेंद्र यादव की मौजूदगी में आगामी महासभा की रूपरेखा पर भी चर्चा होगी। महासचिव पवन कुमार यादव एवं मीडिया प्रभारी जेपी यादव ने कहा सभी कार्यकारिणी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, ग्राम प्रमुख इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता 13 व 14 को

**लाटाबोड़।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ग्राम लाटाबोड़ में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 जनवरी को रखा गया है। ग्रामीण अध्यक्ष शामलाल साहू ने बताया कि 15 जनवरी सोमवार को ग्राम में मेला मड़ई का आयोजन होगा। साथ ही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सोनहा बादर सांस्कृतिक कार्यक्रम चिटौदी वाले अपनी प्रस्तुति देंगे।

# बोड़रा पहुंचा अक्षत कलश, ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकालकर किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम बोड़रा में ग्रामीणों द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिला व पुरूष सम्मिलित हुए। इस दौरान भजन कीर्तन करते ग्राम का भ्रमण किया गया, जिससे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया।

अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है। अंचल के भी शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंदिरों में भगवान राम के 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

इसके तहत पहले तो अयोध्या से अक्षत कलश जिले के मुख्य केन्द्रों में पहुंचा, जहां अक्षत कलश विकासखण्डों में पहुंचाया गया। उसके बाद विकासखण्डों से अक्षत कलश लेने आस पास के ग्रामों के मुखिया अपने ग्राम के लिए अक्षत कलश लेने पहुंचे। इस दौरान अध्यक्ष रंजीत साहू, उपाध्यक्ष मिश्रीलाल, संयोजक त्रिलोचन सिन्हा, सह संयोजक देवेन्द्र साहू, यशवंत साहू, मंत्री संजय सिन्हा, निलेश्वर साहू, दुर्गावाहिनी रागनी सिन्हा, मातृ शक्ति संयोजिका टुकेश्वरी साहू, सहमंत्री कामता प्रसाद सिन्हा, धर्मप्रचार शिवम साहू, सेवा प्रमुख मयंक सिन्हा, गौसेवा प्रमुख आसकरण यादव, मठ मंदिर प्रमुख विरेन्द्र साहू, गौरक्षा प्रमुख शीतल साहू, विद्याश्री प्रमुख मुकुल साहू, अखाड़ा प्रमुख एकलव्य यादव, जयंत साहू, धरम, लेहांत, पियूश, पारसमणी, डोमेन्द्र ▶▶| शेष पेज 12 पर

### भजन-कीर्तन के साथ निकाली शोभायात्रा से राममय हुआ गांव




#### हनुमान मंदिर में रखा गया था अक्षत कलश

इसके तहत ग्राम बोड़रा में भी अक्षत कलश पहुंचा, जिसे बाजार चौक में स्थित हनुमान मंदिर में रखा गया था। ग्राम की महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया। इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ भगवा ध्वज लेकर लोग रैली में सम्मिलित हुए। जहां महिला, पुरूष, बुजुर्ग और छोटे बच्चे बड़ी संख्या में शोभायात्रा में सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाया। कार्यकम में विकासखण्ड विश्व हिन्दू परिषद के जसंत साहू, चौलेस देशमुख, राकेश साहू व अन्य पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।

**प्रतियोगिता : राजनांदगांव में 29 एवं 30 दिसंबर को हुई दो दिवसीय स्पर्धा**

# राज्यस्तरीय जु जित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने 44 स्वर्ण सहित 89 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजनांदगांव में 29 एवं 30 दिसंबर को आयोजित 2 दिवसीय जु जित्सु मार्शल आर्ट स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन जु जित्सु एसोसिएशन ऑफ छात्तीसगढ़ अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा एवं जु जित्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ सचिव राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने कुल 44 स्वर्ण, 23 रजत एवं 22 कांस्य पदक प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में छात्तीसगढ़ राज्य के बालोद, बेमेतरा, बस्तर, दुर्ग, कांकेर, खैरागढ़, कबीरधाम, रायपुर, मनेन्द्रगढ़, राजनांदगाँव, सरगुजा, धमतरी जिले से लगभग 375 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिले से सचिव, जु जित्सु एसोसिएशन ऑफ बालोद सुरेश शांडिल्य के नेतृत्व में डौंडी, बालोद, सिवनी, निपानी, गुरुर, गुण्डरदेही, जु जित्सु मार्शल आर्ट क्लब के लगभग 50 खिलाड़ियो ने इस प्रतियोगीता में भाग लिया और जु जित्सु फायटिंग, नेवाज़ा एवं कांटेक्ट में जबरदस्त परफॉर्मेंस करते हुए कई केटेगरी में 44 स्वर्ण, 23 रजत एवं 22 कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कोच सुरेश शांडिल्य, मिथलेश चंदन, कीर्तन कुमार, नूतन साहू, लीलेश्वर कुमार, प्रांजलि शांडिल्य, आर्यन साहू ने विशेष योगदान दिया। बालोद जिले के इस उपलब्धि पर जु जित्सु एसोसिएशन ऑफ बालोद के संरक्षक राजेश सोनी, अध्यक्ष कमलेश सोनी, उपाध्यक्ष नितिन यादव ने पूरी टीम एवं खिलाड़ियो के प्रति हर्श व्यक्त किया। जु जित्सु एसोसिएशन ऑफ बालोद के सचिव सुरेश शांडिल्य ने जानकारी दी कि जीते हुए खिलाड़ी आगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो उत्तराखंड में होगी, उसमे छत्तीसगढ़ राज्य के टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।




#### इन खिलाड़ियों ने जीता सोना

स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बालक वर्ग से वेद्यांश रावटे, नवनीत गंगबेर, रानू देवांगन, संस्कार तिवारी, सौम्य सलामे, यामेश देवहरे, वेदांत सोरी, पूरब डहरे, खिलेश्वर साहू, यश कुमार, सौम्य साहू, कनिष्क यादव, अंकित कुमार, नितिन कुमार, आर्यन साहू, सेमंत कुमार, लीलेश्वर कुमार व बालिका वर्ग मे विशा भुआर्य, अराध्या, गीत देशमुख, प्रियंका, हर्षिता राणा, खुशी साहू, याना शांडिल्य, वैष्णवी सोनी, देवश्री, कामिनी तारम, गायत्री, टिंकल गजेंद्र, प्रांजलि शांडिल्य, मिथलेश चंदन हैं।

#### रजत पदक जीतने वालों में ये शामिल

रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी बालक वर्ग मे आरव सिंह, भव्य देशलहरे, राजा देवांगन, मोक्ष कुमार, सुमेंद्र हिरवानी, मो.राशिद रज़ा, प्रियम वाडेकर, अमन कुमार है। बालिका वर्ग मे झरना साहू, डिम्पल चंद्राकर, लक्ष्मी निषाद, हेमपुष्पा है। कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी बालक वर्ग में नचिकेत चौबे, रविकांत गजेंद्र, नूतन कुमार आदि खिलाड़ियो ने मैडल जीता।

# संयुक्त कलेक्टर श्रीवास ने किया 108 एम्बुलेंस का औचक निरीक्षण

**कर्मचारियों से एंबुलेंस में उपलब्ध उपकरणों व दवाइयों के संबंध में ली जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास ने 108 एम्बुलेंस का औचक निरीक्षण किया। संभवतः यह पहला अवसर है जब प्रशासन ने 108 एम्बुलेंस का औचक निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में संयुक्त कलेक्टर अजय श्रीवास ने कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ 108 संजीवनी एक्सप्रेस की एम्बुलेंस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एएलएस और बीएलएस में उपलब्ध सुविधाओं और इक्यूपमेंट की जाँच की। इस अवसर पर योगेन्द श्रीवास ने एम्बुलेंस कर्मियों से बात करके उपलब्ध इक्यूपमेंट और उनके उपयोगिता को लेकर सवाल पूछे। कर्मियों ने उन्हें उपलब्ध दवाइयों, इक्यूपमेंट और मरीज को हॉस्पिटल पहुँचाने के दौरान इनके इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकरी प्रदान की। अजय श्रीवास ने एम्बुलेंस में सभी उपकरणों और दवाइओं की उपलब्धता पर संतुष्टि व्यक्त करने के साथ ही संजीवनी कर्मियों को आमजनों के त्वरित और बेहतर प्राथमिक उपचार सेवा देने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसमें एम्बुलेंस की साफ–सफाई, हाइजीन, इक्यूपमेंट के रखरखाव आदि शामिल हैं। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समय समय पर एम्बुलेंस का निरीक्षण कर आमजन मानस को त्वरित और बेहतर आपातकालीन सेवा प्रदान करने की दिशा में ईएमटी पायलट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं।

# श्रीराम के प्रति लोगों के मन में है अगाध श्रद्धा : निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद शुक्रवार को ग्राम किलेपार व भुसरेंगा में दो दिवसीय भव्य मानस गान प्रतियोगिता के शुभारंभ व परसदा मोखा में लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

विधायक श्री निषाद ने किलेपार व भुसरेंगा में दीप प्रज्वलित व भगवान श्री रामचंद्र की पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम और रामायण के प्रति श्रद्धा अगाध है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद भगवान श्रीराम से जुड़े प्रतीकों का सांस्कृतिक पहचान के तौर पर प्रोत्साहन बढ़ा है। भांचा श्रीराम के प्रति लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस सरकार ने राम वन गमन पथ परियोजना लेकर आई छत्तीसगढ़ सहित पूरी दुनिया में रामायण का मंचन और मानसगान के जरिए आराध्य देव की पूजा–अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रामायण मानस मंडली महत्वपूर्ण स्थान ▶▶| शेष पेज 12 पर



# तेज रफ्तार ट्रक ने गाय को रौंदा, चालक पर अपराध दर्ज

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के जयस्तंभ चौक में शनिवार सुबह सड़क किनारे बैठी एक गाय को लापरवाह ट्रक चालक ने रौंद दिया। हादसे में गौमाता की पशुचिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। गौरक्षकों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि घटना निवार सुबह करीब 8 बजे की है। जयस्तंभ चौक के पास बैठी एक गाय को ट्रक क्रमांक जीएन 25 यू 8747 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया, इससे गाय की मौत हो गई। गौरक्षक की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सप्ताह भर के भीतर सड़क दुर्घटना में गाय की मौत होने की यह दूसरी घटना है, जबकि जिले के अन्य सड़कों में छोटी-छोटी घटनाओं से गायों के घायल होने की जानकारी लगातार सामने आ रही ▶▶| शेष पेज 12 पर



# आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के संविदा कर्मचारियों ने की नियमित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

**■ संजारी–बालोद विधायक संगीता को सौंपा ज्ञापन**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग से संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने एवं संविलियन करने की मांग करते हुए संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि राज्य सरकार के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग से संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा कर्मचारी सेवा दे रहे हैं, भर्ती भी शिक्षा विभाग के आदेशानुसार लोक शिक्षण के द्वारा विज्ञापन जारी कर नियम के तहत तथा योग्यता तथा मैरिट के आधार पर नियुक्ति की गई है। वर्तमान में सभी 12832 कर्मचारी अंग्रेजी, हिन्दी माध्यम में शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है। इस अभिनव ▶▶| शेष पेज 12 पर



**कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने पैरी धान खरीदी का किया औचक निरीक्षण**

# कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में मापी धान की नमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

**■ किसानों से सुविधाओं के बारे में ली जानकारी**

गुण्डरदेही तहसील के धान खरीदी केंद्र पैरी का कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केंद्र में बारदानों की भी उपलब्धता, धान की स्टेकिंग, ड्रेनेज सिस्टम सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी केंद्र में नमी मापक यंत्र से धान की आर्द्रता का भी माप करवाया। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र में पहुंचे किसान चंद्रसेन साहू एवं अन्य किसानों से भी चर्चा की और खरीदी केंद्र में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्र में पेयजल, बैठक व शौचालय की व्यवस्था है। उन्हें धान विक्रय करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होती है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कलेक्टर चंद्रवाल को धान खरीदी केंद्र के व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

धान खरीदी केंद्र में उपस्थित ग्राम पैरी की महिला कृषक तुलकी बाई ने कलेक्टर चंद्रवाल से बातचीत कर बंटवारा होने के पश्चात अपने परिवार के संयुक्त खाता का विभाजन करने की मांग की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार को इसके लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




### जिले में अब तक खरीदा गया 1043.82 करोड़ का धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 197 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 07 हजार 559 किसानों द्वारा कुल 04 लाख 76 हजार 509 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1043 करोड़ 82 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 04 हजार 137 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 02 लाख 73 हजार 240 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 03 हजार 269 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5360 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21,093 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए 9 तक करें प्रमाण पत्र जमा

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में प्रवेशित 2023-24 के समस्त स्नातक / स्नातकोत्तर के नियमित छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार के घोषणा अनुसार कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कृषि विद्या निधि योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा। इसके लिए पात्र छात्र जो कि खेतीहर मजदूर परिवारों, सीमांत कृषक परिवारों एवं छोटे किसान परिवारों के अंतर्गत आते हैं उन्हें पटवारी से आय प्रमाणित कराकर महाविद्यालय में छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी मयंक कुमार मंडावी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य के पास 9 जनवरी तक जमा करना है। उक्तशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने दी।

### कोटगांव में मेला-मड़ई आज

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम कोटगांव में नए वर्ष के उपलक्ष्य में 7 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। विजय ठाकुर, तिलक ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### बरबसपुर में 10 को मड़ई

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बरबसपुर के साप्ताहिक बाजार में 10 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी, उक्त जानकारी सरपंच पति दिलीप मंडावी ने दी है।

### सकरौद में 13 को मड़ई

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सकरौद में 13 जनवरी को भव्य मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। वहीं रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी राजेश व अजीत निर्मलकर ने दी।

### 22 जनवरी को घरों में दीप जलाएं, दीपावली मनाएं

**गुरूर।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का आगाज हो गया। क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोध्या जाने की तैयारी कर रहे हैं। उक्त वक्तव्य के संदर्भ में जिला मंत्री भाजपा बालोद नरेश साहू



ने बताया कि देशभर के पांच लाख से अधिक गांवों और चार हजार से अधिक शहरी इलाकों में अक्षत वितरण के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और भाजपा सहित संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के करीब चार लाख से अधिक कार्यकर्ता राम का निमंत्रण देने घर घर जाएंगे। उन्होंने लोगो से निवेदन करते हुए कहा की दिव्य–भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शंखनाद अयोध्या से पूरे देश में हो गया, अपने ग्रामों, घरों में भी 22 जनवरी को दीप जलाएं, फटाके फोड़े और एक बड़ी दीपावली इस दिन मनाएं, इसकी व्यापक तैयारी ग्रामों में भी होने लगी है।

## आयोजन : जिले के विभिन्न स्थानों पर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई, विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1403 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 100 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 70 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 515 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 161 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने के लिए 66 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा और देवारभाट तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम घीना, कसहीकला, बिजौरा एवं सेम्हरडीह तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम डुडिया, गोरकापार एवं राहुद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम जेवरतला, पिकरीपार तथा अरमरिकला डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम नर्राटोला एवं खैरवाही में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

## अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

### जिले के विभिन्न स्थानों तक पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ चिखलाकसा नगर पंचायत में भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ माहला ने बताए लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की योजनाओं को देश के अंतिम पंक्ति, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। पूरे देश में यह यात्रा पहुंच रही है, यह केंद्रीय योजनाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इसके अंतर्गत पूरे देश में सभी ग्राम पंचायतें, नगर पंचायतें और शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं। इसी तारतम्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के चिखलाकसा नगर पंचायत क्षेत्र में पहुंची, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं सरकारी अधिकारीगण मौजूद रहे। उक्त अभियान



के मंचीय उद्बोधन में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र माहला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से समाज का अंतिम पंक्ति का व्यक्ति और परिवार भारत सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ ले सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल के समस्त सदस्यों का आभार जिन्होंने ऐसी यात्रा का शुभारंभ कर सम्पूर्ण देश में केंद्रीय योजनाओं पर पारदर्शिता लायी। आज से 10 या 15 वर्ष पूर्व केंद्रीय योजनाएं तो चलती थी लेकिन अंतिम व्यक्ति को उस योजना के बारे में पता नहीं होता था या फिर उन्हें किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिलता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच एवं सूझबूझ से अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ काफी सुगमता से मिल रहा है। पहले हमने केंद्र की सारी योजनाओं में भ्रष्टाचार देखा है लेकिन आज पारदर्शिता के कारण यहां भ्रष्टाचार का नामोनिशान तक नहीं है। यह यात्रा एक ऐसी सोच की उपज है जो समाज एवं देश के अंतिम व्यक्ति की मनोभावना को समझता है और यह नरेन्द्र मोदी जी के विगत अनेकों वर्षों के सार्वजनिक जीवन मे किये गए प्रयासों का फल है।

## ग्राम पंचायत डुड़िया को मिला ओडीएफ प्लस प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत डुड़िया में जनपद पंचायत के समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। राजस्व, कृषि एवं पशुधन विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विभिन्न विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अपने-अपने विभाग के द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि, पवन सोनवर्षा महामंत्री मंडल अर्जुन्दा, गवींद्र साहू अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अर्जुन्दा, मुकेश साहू कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अर्जुन्दा, श्याम सुंदर साह, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता, सरपंच ललीता भुआर्य, सचिव तुलसी साहू एवं उपसरपंच पवन सिन्हा समस्त शिक्षक शिक्षिका पंचगण, रोजगार सहायक, कम्प्यूटर आपरेटर,एवं समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण,तथा ग्राम पंचायत के नागरिक गण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत को ओडीएफ प्लस प्रमाण पत्र प्रदान कर डस्टबिन का भी वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।

### घीना में लगा शिविर



बालोद। ग्राम घीना में कलामंच के पास केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व जनकल्याण के लिए चलाई जा रही राज्य सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम घीना में हुआ। रूपसिंह रावटे ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोंण्डी लोहारा फिरता ऊके थे। अध्यक्षता डालचंद जैन ने किया। ग्राम पंचायत घीना सरपंच बिंदु तारम, निर्मला तारम, पुष्पा सेन, यशवंत देवदास उपस्थित थे।

## पिकरीपार में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने लिए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रत्येक लोगों तक पहुंचकर उनका लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पिकरीपार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का आयोजन गांव के कलामंच में शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में ग्रामीणों को शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा



योजना, प्रधानमंत्री स्व निधी योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, स्वास्थ्य शिविर, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड प्रमुख है। हितग्राहियों से उक्त योजनाओं का लाभ प्रदाय किये जाने के लिए आवेदन लिया गया। साथ ही ग्रामीणों को उज्ज्वला योजना के तहत 05 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पौष्टिक आहार की लगाई गई प्रदर्शनी, बच्चों को किट वितरित

**डौंडीलोहारा।** विगत दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय के पास किया गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना द्वारा स्टाल लगाया गया था, जिसमें पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी लगाई गई। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के निर्देशानुसार और प्रभारी परियोजना अधिकारी सीपी शर्मा के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। एसडीएम प्रतिमा ठाकरे ने स्टाल का निरीक्षण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोज राज नाग (पूर्व विधायक भानुप्रतापपुर की उपस्थिति में 8 बच्चों का अन्नप्राशन, 5 महिलाओं की गोदभाराई, 8 बच्चों को स्वस्थ बालक/बालिका स्पर्धा का प्रमाण पत्र, कुपोषित/संकट ग्रस्त बच्चों को सुपोषण किट तथा 5 सामान्य बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक ज्योत्सना त्रिपाठी और नगर पंचायत की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भी उपस्थित रहीं।

## अरमरीकला व पिकरीपार पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम अरमरीकला व पिकरीपार पहुंची। कार्यक्रम में जिला मंत्री भाजपा बालोद नरेश साहू भी आम जनों के साथ शामिल हुए। उन्होंने बताया कि यह यात्रा विकासशील भारत को विकसित बनाने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। नरेश साहू ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हमें उन कमजोर लोगों तक पहुंचना है, जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं, लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पाए हैं, उन तक हमें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार करना है और लाभ दिलाना है। यह अभियान राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के



विभिन्न मंत्रालयों, विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है। देश के नागरिकों के लाभ के लिए और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित पक्षों की यथासंभव व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम गांव गांव यात्री कर रहे हैं।

## टीआई ने बच्चों को सायबर क्राइम-पॉस्को एक्ट की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/कलंगपुर

■ ग्राम बोदल में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर जारी

ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बोदल में चल रही है। 4 जनवरी को बौद्धिक परिचर्चा हुई, जिसमें रनचिराई थाना प्रभारी इंदिरा वैष्णव द्वारा एनएसएस के बच्चों को साइबर क्राइम, यातायात सुरक्षा एवं पॉस्को एक्ट के बारे में जानकारी दी गई साथ ही थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को उनके कार्यों को लेकर प्रोत्साहित किया गया। बौद्धिक परिचर्चा हेतु पद्म श्री सम्मान से सम्मानित शमशाद बेगम मुख्य अतिथि के तौर पर शिविर में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक और अडिग रहें, चाहे हमारे सामने कैसी भी कठिन परिस्थिति निर्मित हो। इस अवसर पर सरपंच तीरथ साहू, दीपक साहू, जनपद सदस्य टुवन साहू, प्रशांत साहू, प्राचार्य सुब्बाराव, बलराम अंगारे, कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू, अलका साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## आनंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया पर्यावरण पार्क का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल के कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को प्रकृतिक से रूबरू करवाने हेतु बालोद वन परिक्षेत्र पर्यावरण पार्क का भ्रमण कराया गया। जिसमें अनेक वनस्पतियों के नाम तथा उनके



उपयोग के बारे में बहुत ही विस्तार से वहां के अधिकारियों के द्वारा बताया गया। पर्यावरण पार्क में बच्चों को घूमने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती हेमलता उइके एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं डौंडीलोहारा के परिक्षेत्र अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस यात्रा में करीब 3 सौ बच्चों का ग्रुप यहां पहुंचा था।







